>

Title: Need to fix Minimum Support Price of Jute at Rs. 5000/- per quintal.

श्री नृपेन्द्र नाथ राय (कूच बिहार): सभापति जी, आपका धन्यवाद कि आपने ज़ीरो ऑवर में मुझे बोलने का मौका दिया है। सर, बजट सत्र चल रहा है। देश के कई राज्य जैसे असम, बिहार और बंगाल में इस समय जूट की बुवाई चल रही है। जूट अत्यधिक गरीब किसानों की फसल है। इकनॉमिक फसल है। केंद्र सरकार ने जो एमएसपी तय किया है, वह 22 सौ रूपये प्रति क्विंटल है। यह एमएसपी बहुत कम है। फर्टिलाइज़र, कैमिकल और मज़दूरी की कीमत बढ़ गयी है। इसलिए केंद्र सरकार से मेरी मांग है कि किसानों की सुविधा के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 5 हज़ार रूपये प्रति क्विंटल किया जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया।